LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

मण्डल कार्यालय, 19 महात्मा गांधी मार्ग, इन्दौर

संदर्भ: का.से./अतिथि गृह /निविदा/03-2023-2024/ **दिनांक 14.03.2023**

प्रति,

मेसर्स ....

...

...

..

महोदय/महोदया,

विषय: अतिथि गृह चन्द्र निवास मंडल कार्यालय इंदौर एवं इंदिरा काम्प्लेक्स नवलखा इंदौर के रख रखाव हेतु निविदा बाबद |

(लिमिटेड टेंडर : केवल मंडल कार्यालय इंदौर के पंजीकृत वेंडर हेतु)

उपर्युक्त विषयानुसार लेख है कि अतिथि गृह चन्द्र निवास मंडल कार्यालय इंदौर एवं इंदिरा काम्प्लेक्स नवलखा इन्दौर के रख-रखाव की निविदा हेतु निविदा प्रस्ताव आपको प्रेषित किया जा रहा है। निविदा का कार्यक्रम निम्नानुसार है:

1. **निविदा जारी करने की दिनांक : 14.03.2023**
2. **प्री-बिड मीटिंग की दिनांक एवं समय: 20.03.2023 प्रात: 11.30 बजे**
3. **प्रि-बिड मीटिंग का स्थान : कार्यालयीन सेवा विभाग मंडल कार्यालय १९ , महात्मा गाँधी मार्ग इंदौर**
4. **निविदा जमा करने की अतिंम दिनांक एवं समय: 28.03.2023 दोपहर 12.00 बजे तक**
5. **निविदा खोले जाने की दिनांक,समय एवं स्थान : 28.03.2023 शाम 3.00 बजे, कार्यालय सेवा विभाग,मण्डल कार्यालय इन्दौर**

बिन्दु क्र. 2 में वर्णित प्रि-बिड मीटिंग में संस्था के प्रोप्राईटर अथवा उनके द्वार लिखित में अधिकृत व्यक्ति ही भाग ले सकेगें।अनधिकृत व्यक्ति को प्रि-बिड मीटिंग में भाग लेने नहीं दिया जावेगा।साथ ही यह भी विदित हो कि एक संस्था की ओर से एक से अधिक व्यक्ति भाग नहीं ले सकेगें। प्रि-बिड मीटिंग में लिए गए निर्णय संविदा का हिस्सा होंगे एवं समान रूप से दोनों पक्षों पर मान्य होकर लागू होंगे।

निविदा, भारतीय जीवन बीमा निगम, मण्डल कार्यालय, इन्दौर द्वारा जारी किए गए प्रारूप में ही भरी जावे। अधूरी भरी गई,शर्तों के साथ भरी गई अथवा अन्य प्रपत्र में भरी गई निविदाएं मान्य न होकर निरस्त कर दी जावेंगी।

पूर्णतः भरी हुई निविदा सील बंद लिफाफे के शीर्षपर "अतिथि गृह चन्द्र निवास मंडल कार्यालय इंदौर एवं इंदिरा काम्प्लेक्स नवलखा इंदौर के रख रखाव हेतु निविदा " लिखकर निम्न पते पर प्रेषित की जावे:

अध्यक्ष,
भंडारण समिति,
भारतीय जीवन बीमा निगम,
कार्यालय सेवा विभाग,
मण्डल कार्यालय,
19,एम.जी.रोड़ इन्दौर,

भवदीय,

वरिष्ठ मण्डल प्रबन्धक